दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 152 मुरादाबाद 27 September 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## ''यह युद्ध का युग नहीं है'' अमेरिका के बाद अब जर्मनी ने PM मोदी के इस बयान की तारीफ की

जर्मनी सोमवार को यूक्रेन संघर्ष पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी का समर्थन करने वाला नया देश बन गया। भारत में जर्मन दूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि पुतिन को यह युद्ध का युग नहीं है के बारे में पीएम मोदी की टिप्पणी बहुत अच्छी तरह से रखी गई थी। एकरमैन ने रूस की कड़ी आलोचना करते हुए ट्वीट किया, नाभिकीय हथियारों की लामबंदी और खतरे के साथ , स्थिति बदल गई है।हम सबसे क्रूर प्रकृति की भूमि हड़पने और अब एक दिखावा जनमत संग्रह देख रहे हैं । रूस ने वह हासिल नहीं किया है जो वह चाहता था। राजदूत एकरमैन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रहा है और यदि आपकी सीमाएं सुरक्षित नहीं हो सकती हैं, तो आपको चिंतित होना चाहिए। दूत ने कहा, जर्मनी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बहुत अधिक सक्रिय है और भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय कानून साझा करते हैं। रूस-जर्मनी व्यापार पर यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव का हवाला देते हुए, एकरमैन ने कहा कि उनके देश के चीन के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध हैं लेकिन किसी भी देश पर निर्भर होना अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, चीन के साथ हमारे मजबूत व्यापारिक संबंध हैं लेकिन जैसा कि हमने रूस के साथ देखा है, किसी भी देश पर निर्भर रहना अच्छा नहीं है।




विविधीकरण महत्वपूर्ण है। पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में प्रधानमंत्री मोदी को यूएनजीए में अमेरिका और फ्रांस द्वारा यूक्रेन संघर्ष पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन को उनके संदेश के लिए सम्मानित किया गया था। 16 सितंबर को समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर, पीएम मोदी ने भोजन, ईंधन सुरक्षा और उर्वरकों की समस्याओं के समाधान के तरीके खोजने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि आज का युग युद्ध का नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन पर पुतिन को दिए पीएम मोदी के बयान का स्वागत किया। मैक्रोन ने कहा था, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सही थे जब उन्होंने कहा कि समय युद्ध का नहीं है। यह पश्चिम के खिलाफ बदला लेने के लिए नहीं है। यह हमारे संप्रभु के लिए सामूहिक समय का समय है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा वह सिद्धांत का एक बयान था, जिसे वह सही और न्यायसंगत मानते हैं। उन्होंने कहा कि इन टिप्पणियों का अमेरिका ने बहुत स्वागत किया है। बता दें पीएम मोदी का बयान बहुत लोकप्रिय हुआ और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इसकी प्रशंसा की। अमेरिकी नेटवर्क सीएनएन ने विश्व राजनीति पर पीएम मोदी की पकड़ की प्रशंसा की और बताया, भारतीय नेता नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से कहा: अब युद्ध का समय नहीं है।

## लखनऊ में बड़ा हादसा, ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में पलटी, 10 श्रद्धालुओं की मौत, 35 जख्मी, जा रहे थे मंदिर दर्शन करने



नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को राजधानी लखनऊ के इंटौंजा इलाके में बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रैक्टर- ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट कर तालाब में जा गिरी। ट्राली सवार 45 लोग तालाब में डूब गए। शोर सुनकर गांव के लोग मदद के लिए दौड़े। हादसे में 9 महिलाएं और एक बच्ची की मौत होने की पुष्टि हो रही है। एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियाना चलाकर लोगों को तालाब से बाहर निकाला गया। ट्राली सवार सभी लोग सीतापुर के अटरिया से इंटौजा स्थित ऊनई देवी दुर्गा मंदिर दर्शन के लिए आ रहे थे।अटरिया के टिकौली निवासी चुन्नीलाल मौर्य मन्नत पूरी होने के बाद परिवार व रिश्तेदारों के साथ नवरात्रि के पहले दिन इंटौजा के कुंहरावा स्थित उनई देवी दुर्गा मंदिर कोंछ भरने ट्रैक्टर- ट्राली से आ रहे थे। ट्राली में 45 लोग सवार थे। ट्रैक्टर ट्राली सुबह करीब 10॰30 बजे सीतापुर से इंटौजा- कुंहरावा मार्ग पर पहुंची थी, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रैक्टर- ट्राली अनियंत्रित हो गई। पहल झपकते ही ट्रैक्टर- ट्राली तालाब में जा गिरी। ट्राली सवार लोग तालाब में गिरकर डूबने लगे। हादसा देख आसपास के लोगों ने तालाब में कूदकर लोगों को निकालने का प्रयास करने किया। सूचना पर कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और राहत कार्य शुरू किया। एक के बाद एक महिलाओं समेत कई लोगों को तालाब से निकाल कर बीकेटी स्थित 100 सैया अस्पताल भेजा। हादसे मे अभी तक 9 महिलाएं और एक बच्ची समेत 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

### पल भर में खुशियां मातम में बदल गई

चुन्नीलाल मौर्य परिवार के साथ दुर्गा देवी मंदिर दर्शन करने आ रहे थे। सीतापुर से सभी लोग ट्राली में बैठकर देवी गीत गाते हुए खुशियां मना रहे थे। अचानक हुई टक्कर के बाद पल भर में खुशियां मातम में बदल गई। चीख पुकार मच गई। झूमते गाते आ रहे अपनों को पल भर में मृत देख परिजन बदहवास हो गए।

## ओमप्रकाश राजभर का शिवपाल-ओवैसी को फिर साथ लाने का प्लान, सावधान यात्रा शुरू होते ही बागियों का नई पार्टी बनाने का ऐलान

ओमप्रकाश राजभर ने एक बार फिर शिवपाल सिंह यादव और असदुद्दीन ओवैसी के लिए दरवाजे खुले होने की बात कहकर नए संकेत देने की कोशिश की है। सोमवार को राजभर ने लखनऊ के 6 पार्क रोड विधायक निवास स्थित पार्टी कार्यालय से सुभासपा की सावधान यात्रा को रवाना किया। यूपी से शुरू होकर बिहार तक जाने वाली इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर राजभर ने कहा कि यदि यूपी में छह जीत सकते हैं तो बिहार में क्यों नहीं। उन्होंने पिछड़ों की एकता और जातिगत जनगणना की बात की लेकिन यात्रा की शुरुआत होते ही सुभासपा के बागियों ने भी नई पार्टी बनाने का ऐलान करके राजभर को अपनी ओर से एक और झटका दे दिया है। यूपी की सियासत में अपने



अलग अंदाज के लिए मशहूर ओमप्रकाश राजभर का अगला कदम क्या होगा? सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद उनकी तारीफों के पुल बांधने के साथ वह एक तरफ भाजपा की ओर अपने झुकाव का संदेश दे रहे हैं तो दूसरी ओर सोमवार को सावधान यात्रा की शुरुआत करते हुए उन्होंने शिवपाल और ओवैसी के दरवाजे खुले होने की बात कर दी।एक निजी चैनल के सवालों का जवाब देते हुए राजभर ने कहा कि टाइम आने पर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके लिए दरवाजे खुले हैं। राजभर ने कहा कि बिहार में हमारी पार्टी चुनाव लड़ती रही है। कहा कि जो लोग 75 साल की आजादी में हिस्?सा नहीं पाए हैं उनको समझा रहे हैं कि जातिगत जनगणना, एक समान अनिवार्य शिक्षा व्यवस्था, गरीबों के फ्री इलाज आदि के बारे में जागरूक हों। बागी कल बनाएंगे नई पार्टी- उधर, सुभासपा के बागियों ने ऐलान किया है कि वे मंगलवार को नई पार्टी बनाएंगे। महेंद्र राजभर ने कहा कि सुभासपा ओमप्रकाश राजभर की घर की पार्टी हो गई है। पिता-पुत्र तक सीमित हो गई है। बागी कल मऊ में नई पार्टी का ऐलान करेंगे। यह ओमप्रकाश राजभर के लिए झटका है। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि जल्द ही ओमप्रकाश राजभर ऑल आउट होने वाले हैं।

# दुर्गा मंदिर पटना बीरगंज में सजाए जा रहे पंडाल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना का कार्य किया जाएगा दुर्गा समिति के सदस्य कन्हैया सिंह व राजेश सिंह सूर्यपाल सिंह ने बताया की पंडाल सजाने का कार्य आज रात्रि में पूरा कर लिया जाएगा और दुर्गा प्रतिमा की अस्थाई मूर्ति भी रात में स्थापित की जाएगी जबकि मंदिर में दुर्गा जी की स्थाई मूर्ती विराजमान है और भगवान राम दरबार के भी अस्थाई मूर्ति विराजमान हैं लेकिन नवरात्रि के लिए अस्थाई मूर्ति की स्थापना करके पूजा अर्चना हर वर्ष की भाति किया जा रहा है समिति के अध्यक्ष ने बताया की मंदिर पर सार्वजनिक मूर्ति की स्थापना कर पूजा पाठ किया जाएगा कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चलेगा और दुर्गा पूजा विसर्जन व दशहरा का कार्यक्रम भी संपन्न होगा तथा मंदिर पर कार्यक्रम देवी जागरण परवचन रासलीला का कार्यक्रम चलेगा जिसमें भक्तगण समय से उपलब्ध होकर पूजा अर्चना करेंगे। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह से जानकारी लेने पर बताया गया कि थाना क्षेत्र में अस्थाई 108 मूर्ति स्थापित होंगे जिसमें अस्थाई चार मूर्ति स्थाई रहेंगी जिस पर मात्र पूजा-पाठ होगा थाना क्षेत्र में कुल 112 मूर्ति स्थापित की जाएंगी। शासन द्वारा पुलिस व्यवस्था प्रत्येक मूर्ति पर शांति सुरक्षा के साथ शांति व्यवस्था के साथ मूर्ति का पूजा अर्चना किया जाएगा तथा सुरक्षा व्यवस्था में कोई लापरवाही नहीं होगी और किसी भी प्रकार की दुर्गा पंडाल के अंदर अशांति फैलाने वाले लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा य किसी प्रकार की अव्यवस्था करते हैं तो उन लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने थाना सोनवा का निरीक्षण कर लिया जायजा




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने थाना सोनवा का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मालखाना में रखे असलहों के बारे में जानकारी ली तथा साफ सफाई पर विशेष बल देने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बंदीगृह, महिला हेल्प डेस्क एवं शिकायत /कम्प्यूटर कक्ष आदि का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि थाने में आए हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाए और उनका समय सीमा के अन्दर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार थाने का चक्कर ना लगाना पड़े। जिलाधिकारी ने त्योहार रजिस्टर, तामिला पंजिका, हिस्ट्रीशीट पंजिका, आई0जी0आर0एस0 पंजिका, एन0सी0आर0 पंजिका, भूमि विवाद पंजिका, बीट सूचना पंजिका, ग्राम अपराध पंजिका, महिला अपराध पंजिका आदि अभिलेखों का गहनता से अवलोकन किया तथा सभी पंजिकाओं को अपडेट रखने का निर्देश दिया।जिला अधिकारी शिकायत पंजिका का अवलोकन के दौरान फरियादियों से भी फोन पर बात कर निस्तारण की हकीकत भी जानी।और निर्देश दिया कि जमीनी विवादों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाय और निष्पक्ष ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षकगण सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खुटार ब्लाक के ग्राम मोहनपुर से दो लड़कों का इंडियन एयर फोर्स इफेक्ट में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ चयन




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- ब्लॉक क्षेत्र के गांव मोहनपुर के पूर्व प्रधान स्वर्गीय परमेश्वर दीन मिश्रा उर्फ मुच्छड़ के पौत्र व स्वर्गीय धीरेंद्र मिश्र %पप्पू% के बेटे दीपांशु मिश्र उर्फ शेखर मिश्र एवं इसी गांव में रहने वाले श्रीकांत मिश्र के बेटे राजन मिश्र ने इंडियन एयरफोर्स इफेक्ट में लेफ्टिनेंट की परीक्षा पास कर ली है, दीपांशु और राजन के लेफ्टिनेंट की परीक्षा पास करने पर उनके भाई रितेश मिश्रा रिंकू, योगेश मिश्रा मिंकु, श्रीकांत मिश्रा, प्रांशू मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, अशोक मिश्रा, अनुपम मिश्रा, भाजयुमो जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी, ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित, पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज त्रिवेदी, सपा नेता सुधीर त्रिवेदी आदि ने हर्ष जताया है, दीपांशु मिश्र दिल्ली में रहकर आईएएस की कोचिंग कर रहे हैं, उन्होंने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने परिजनों व गुरुजनों को दिया है।

# प्रधान का आरोप, पुलिसकर्मियों ने दुव्यवहार कर छीने रुपए

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- हरदुआगंज क्षेत्र के ग्राम किडारा के प्रधान श्याम सिंह ने मडराक में पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार करने व 50 हजार रुपए छीनने का आरोप लगाया है प्रधान का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने उनकी दाढ़ी-मूछ का भी उपहास उड़ाया और चोर-लुटेरा तक कह दिया थाने में सुनवाई न होने पर प्रधान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है श्याम सिंह ने कहा है कि शुक्रवार रात पंचायत का कार्य समाप्त करने के बाद वह बच्चों से मिलने बाइक से इगलास जा रहे थे करीब 11 बजे मडराक क्षेत्र की आसना चौकी के पास गांव अहमदपुर पर लघुशंका के लिए रुके तभी लेपर्ड बाइक पर पुलिसकर्मी आ गए पुलिसकर्मियों को उन्होंने अपनी पहचान बताइ और अपने क्षेत्र के एसआई से बात भी कराई इसके बावजूद पुलिसकर्मी तलाशी लेने लगे आरोप है कि उनकी जेब से 50हजार रुपए निकाल लिए इसके बाद चले गए प्रधान ने फोन पर इसकी शिकायत मडराक थाना प्रभारी से की उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया इसके बाद प्रधान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है प्रधान ने कहा है कि सोमवार को एसएससी से शिकायत पर पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग करेंगे

## बीमारी से पीड़ित चिकित्सक का हुआ निधन



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ रामाआसरे राजपूत का बरेली के एक अस्पताल में निधन हो गया, मूल रूप से डॉक्टर रामाआसरे राजपूत गोला गोकरन नाथ ( जनपद लखीमपुर ) के जो कि छोटी काशी के नाम से भी प्रसिद्ध है के निवासी थे और कई वर्षों से खुटार में रहकर ही अपनी चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्रदान कर रहे थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# चोरों के हौसले बुलंद घर के दरवाजे से घुसकर किया चोरी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना मल्हीपुर के पुलिस चौकी गिरंट क्षेत्र में ग्राम पंचायत देवरनियां के मजरा बरगदही गांव में चोर के हौसले इतने बुलंद हो गए कि बरामदे में सो रहे बुर्जुग रक्षाराम त्रिपाठी व उनकी बुर्जुग पत्नी सुनीता के सर से बगल दरवाजे से जाकर कमरे से रात में बकसा उठाकर फरार हो गए।सुबह जब आँख खुली तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है तथा घर मे रकखा बकसा गायब है।फिर क्या था पूरे घर परिवार में चोरी होने की खबर फैल गई। लोग इकट्ठा हुए तो इधर उधर तलाश करने के लिए चारों तरफ खेतों तथा सड़कों पर देखने लगे तबतक शौच करके लौट रहे बुर्जुग 70वर्षीय रक्षाराम त्रिपाठी ने अपने घर के ही कुछ दूरी पर अपने भाई सत्यनारायन त्रिपाठी के खेत में लगे उर्द की हरी फसल में टूटा बकसा दिखाई दिया और वह पहुंचे तो देखा कपडे सब बिखरे पड़े हुए हैं।उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को आवाज देकर बुलाया।

पीडित बुर्जुग रक्षाराम त्रिपाठी के पुत्र आशोक कुमार त्रिपाठी ने चोरी होने की लिखित तहरीर पुलिस चौकी गिरंट पर दी है।और जल्द ही चोरों को पकड़कर चोरी का खुलासा करते हुए चोरों को जेल भेजने की मांग की है।

# 02 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में कलेक्टेउ्ट में बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेउ्ट सभागार में 02 अक्टूबर 2022 को गांधी जयन्ती मनाये जाने की तैयारियो के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन को भारतीय स्वाधीनता के ब्रहमास्त्र के रुप में नियोजित करके राजनैतिक विचारों में क्रान्ति के जनक, भारतीय राजनैतिक, सामाजिक, एकता व समरसता के पुरोधा एवं महान आधुनिक भारत राष्ट्र के स्वप्न को साकार रुप प्रदान करने वाले स्वप्नदृष्टा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर को मनाने जा रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों, कार्यालयों तथा स्वयं सेवी संगठनों को जोड़कर बेहतर ढ़ंग से 02 अक्टूबर को गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयन्ती मनायी जाये। इस अवसर पर गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन दर्शन एवं विचारों से भी बच्चों को अवगत कराया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 02.10.2022 को प्रात: 8:00 बजे सभी राजकीय भवनों पर प्रतिदिन की भांति राष्ट्रीय ध्वज लगाया जायेगा। सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बडे कक्ष या हॉल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या विभागाध्यक्ष /कार्यालयाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी जी के एक बड़े चित्र का अनावरण व माल्यापर्ण किया जायेगा। इसके साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के चित्र का भी माल्यापर्ण किया जायेगा। प्रात: 8:30 बजे नगर की मलिन बस्तियों की सफाई हेतु अभियान चलाया जायेगा तथ गांधी जी की प्रतिमा पर कंपनीबाग मुरादाबाद में माल्यापर्ण किया जायेगा। प्रात: 9:00 बजे समस्त विद्यालयों में गांधी सप्ताह के रुप में उनके प्रिय भजन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन स्टाफ के द्वारा कराया जायेगा, पूर्वान्ह् 10:00 बजे सोनकपुर स्टेडियम के अन्दर महिला व पुरुष तथा जूनियर वर्ग में वॉक रेस का आयोजन किया जायेगा।

पूर्वान्ह् 11:00 बजे हड्डी मिल के बराबर में डबल फाटक स्थित कुष्ठ आश्रम में नारी सुरक्षा संगठन द्वारा भोजन वस्त्र आदि का वितरण किया जायेगा। मध्यान्ह् 12:00 बजे भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन पर चर्चा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी भवन में की जाएगी तथा सायं 5:00 बजे टाउन हॉल पर नगर निगम मुरादाबाद में महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन पर एक गोष्ठी आयोजित की जाएगी।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक टैउ्फिक अशोक कुमार, नगर मजिस्टेउ्ट एम0पी0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, उप निदेशक सूचना, जिला क्रीडा अधिकारी, नगर निगम, आई0सी0डी0एस0, पंचायतीराज, सैनिक कार्यालय, विद्युत जिला समाज कल्याण, युवा कल्याण विभाग, नाजिर कलेक्टेउ्ट, कशिश वारसी, इशरत उल्ला खां, ध्वल दीक्षित, गुरविन्दर सिंह आदि उपस्थित रहें।

# कांठ में नवरात्र के पहले दिन कांठ में बही आस्था की बयार



मुरादाबाद के कांठ में सोमवार से भगवती दुर्गा देवी के 9 रूप में माने जाने वाले नवदुर्गा प्रारंभ हो गए हैं जिससे न केवल बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है बल्कि नगर व क्षेत्र में आस्था श्रद्धा और भक्ति की बयार भी बहने लगी है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि सोमवार से भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान से पूजा नवदुर्गा के रूप में श्रद्धालुओं ने शुरू कर दी है। आज श्रद्धालुओं ने विधि विधान से विद्वान पंडितों द्वारा बताए गए निर्धारित समय का सदुपयोग करते हुए कलश की स्थापना की और भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर मंदिर में जाकर मत्था टेका और सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। माता की प्रथम स्वरूप को भगवती सती का रूप माना जाता है और यह पर्वतराज हिमालय की पुत्री के रूप में जानी जाती है। घरों से लेकर मंदिरों तक माता के जयकारों की रही गूंज-नवरात्र के प्रथम दिन जहां घरों में श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना और भगवती के प्रथम स्वरूप की पूजा अर्चना के साथ माता के जयकारे लगाए वही नगर के माता महाकाली मंदिर शिव मोहिनी मंदिर मेन बाजार स्थित बड़ा शिव मंदिर महेश्वरी मंदिर रामलीला मंदिर आदि मंदिरों में माता के जमकर जयकारे लगे और श्रद्धालुओं ने घंटे घड़ियाल शंख बजाकर माता का स्वागत किया। बाजार रहे गुले गुलजार-नवरात्र शुरू होते ही बाजारों में भी रौनक छा गई जमकर खरीदारी की जिससे बाजारों में चहल-पहल काफी बढ़ गई।

# किसी का माथा गरम हुआ तो किसी ने दिखाया भौकाल, रील बनाने में एक माह में दो महिला सिपाही समेत छह निलंबित



इंटरनेट मीडिया पर लोकप्रियता की चाहत में महिला पुलिसकर्मी अपनी नौकरी को भी खतरे में डाल रही हैं। एक माह में जिले में रील (छोटे वीडियो) प्रसारित (वायरल) होने पर दो महिला सिपाही व चार महिला होमगार्ड को सस्पेंड किया गया है। एडीजी जोन बरेली व डीजीपी भी पुलिसकर्मियों को रील न बनाने की चेतावनी दे चुके हैं। डीजीपी ने तो रील बनाने पर बर्खास्तगी तक की चेतावनी दी है।

## एंटी रोमियो स्क्वाड की सिपाही पर हुई पहली कार्रवाई

रील बनाने के मामले में पहली कार्रवाई मुरादाबाद के एंटी रोमियो स्क्वाड में शामिल महिला सिपाही मोहिनी पर हुई। मोहिनी ने भौकाल दिखाते हुए कुछ गानों व एक डायलाग अब मचेगा कहर, देख बाप आ गया तेरे शहर... पर रील बनाई थी। फिर लाइक?स और कमेंट की चाहत में इसे इंटरनेट मीडिया (इंस्टाग्राम) पर प्रसारित कर दिया। सात सितंबर को इस मामले की जानकारी जब एसएसपी हेमंत कुटियाल को लगी तो उन्होंने सीओ को जांच सौंपी। जांच रिपोर्ट के आधार पर महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया।

## सिपाही सलोनी मलिक का गरम हुआ माथा

महिला सिपाही मोहिनी के निलंबन के 10 दिन बाद महिला थाने में तैनात सिपाही सलोनी मलिक की पुरानी इंस्टाग्राम रील प्रसारित हो गई। इस रील में महिला सिपाही सलोनी माथा गरम है, सुबह से मेरा... गाने पर एक्टिंग करती दिखाई देती हैं। किसी ने इसकी शिकायत एसएसपी से ट्विटर पर कर दी। एसएसपी हेमंत कुटियाल ने मामले का संज्ञान लेकर जांच सीओ सिविल लाइंस डा.अनूप सिंह को सौंपी। सीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने महिला सिपाही सलोनी मलिक को भी निलंबित कर दिया।

## रील बनाने में चार महिला होमगार्ड भी हुईं निलंबित

रील बनाने की खुमारी सिर्फ महिला सिपाहियों को ही नहीं चढ़ी बल्कि इसकी चपेट में महिला होमगार्ड भी आ गईं। कलेक्ट्रट पर तैनात चार महिला होमगार्ड रुखसार, मोनू, स्वाति और सपना की एक माल में बनाई गई रील इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गई। 12 दिन पहले इसकी शिकायत होमगार्ड के जिला कमांडेंट चंदन सिंह से की गई। शिकायत मिलने पर जिला कमांडेंट ने वीडियो की जांच कराई जो सही पाया गया, इसके बाद होमगार्ड जिला कमांडेंट ने चारों महिला होमगार्ड को निलंबित कर दिया। कहा कि किसी और होमगार्ड ने यदि इस प्रकार का काम किया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## डीजीपी और एडीजी जोन भी दे चुके हैं चेतावनी

पुलिसकर्मियों के रील बढ़ाने के बढ़ते शौक पर डीजीपी डीएस चौहान ने भी सख?ती दिखाई है। उन्होंने कहा कि वर्दी में किसी प्रकार का आपत्तिजनक कृत्य पुलिस आचरण नियमावली का उल्लंघन है। इससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल होती है। ऐसे पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्हें सेवा से भी बर्खास्त किया जा सकता है। डीजीपी से पहले एडीजी जोन बरेली राजकुमार ने भी जोन के सभी पुलिस कप?तानों को निर्देश दिए थे पुलिसकर्मियों के रील बनाने पर तत्काल रोक लगाएं। एडीजी के आदेश में कहा गया था कि वर्दी में रील बनाकर पुलिस आचरण नियमावली का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Ban on traitors of 'Gajwa'

Popular Front of India (PFI) wants to make India 'Iran'. The issue of hijab is still alive in our country. The Supreme Court has reserved its verdict after hearing, but the purpose of PFI is not limited to hijab. His plan and thinking is to make India an 'Islamic country' by 2047, in the 100th year of the country's independence. In view of this, PFI has received illegal financial assistance of Rs 100 crore from Islamic countries like Turkey, Saudi Arabia, United Arab Emirates, Oman, Bahrain, Qatar and Kuwait. This is the data of ED and other investigating agencies. Since this trend continues through hawala, fake accounts and other channels, the figure of foreign funding could be even higher. PFI has been claiming to be a social, cultural organization in the name of helping minorities, dalits, backward, but what PFI has been training Muslim youth under the guise of karate, kung fu and gym is clear from the dossier. With the help of Turkey's government intelligence agency National Intelligence Organization and Pakistan's intelligence agency ISI, funding of PFI and their karkoons has been done. It has also been used in terrorist activities, such evidence has been found. In addition, India's Intelligence Bureau and the National Investigation Agency (NIA) have for a long time collected information that moves the PFI closer to terrorism. The 106 suspicious faces arrested by the NIA, ED and IB in simultaneous raids in 15 states under 'Operation Midnight' will also uncover hidden secrets.Now the time has come for complete ban on PFI. The Ministry of Home Affairs and the investigating agencies of the Government of India should not be missed now. Strong evidence must be gathered so that a conclusive ban can be imposed. The PFI blamed the Delhi-Kanpur riots, communal tensions and riots of Jahangirpuri, Khargone, Karauli, Bangalore etc., protests against the Citizenship Amendment Act and the National Register of Citizens, the killings of RSS and BJP Yuva Morcha workers and leaders, the assassination of Prime Minister Modi. Has played an active role in the repeated failed attempts of 'Sar Tan Se Juda's assassination campaigns and threats etc. If even now the traitors of 'Gazwas' will not be banned and strict punishment will not be affixed, then what will be the meaning of this unprecedented action of raids? The investigative agencies must have gathered such evidence in the past that they are capable of proving the PFI to be a 'terrorist organization', so now the time has come to present them before the court. Government and agencies should not be worried about Muslims anymore, because Muslim community and society is not PFI. Ironically, even on this issue, Congress, Left, DMK and Owaisi have not deterred from playing politics and are calling the raids communal. The Congress has been chanting the slogans of inflation, poverty, unemployment and Chinese encroachment. Those problems are also serious, but if the country survives, solutions to these issues will also be found. Today he is active in 20-22 states of the country. Its political organization 'Social Democratic Party of India' is now contesting elections too, of course not getting important mandates.

# Anupamaa did a tremendous Garba dance in the vanity van, the fans said - 'Thu, Thu, Thu

Anupamaa fame Rupali Ganguly Navratri Special: The Navratri special look of Rupali Ganguly, the actress of the TV show Anupama, who topped the TRP list, has come to the fore. Not only the look but the actress can be seen doing a scintillating Garba dance in a stunning Gujarati dress. Recently, Rupali also posted a hookstep video with the song #BoomPadiWithMadhuri from Madhuri Dixit's upcoming film Maja Ma. In this video too, Rupali won the hearts of the audience with her amazing Garba dance. Now once again Rupali is seen doing an organic Garba dance in her vanity van. Rupali Ganguly became Garba Girl - Rupali Ganguly has shared one of her dance videos on her Instagram account. In this video, Rupali is seen in the look of Gujarati Garba Girl. Rupali is looking very beautiful in traditional Gujarati dress. With this dress, Rupali's tribal jewelery is also very much on her. Her look seems to be inspired by Chamma Chamma Girl Song. In this video, Rupali is not seen doing garba with any group, but she is performing solo. While sharing this dance video, Rupali has informed that it is a matter of pride for her to perform on her brother's song Odhni Odhu To Udi Udi Jaye. Let us tell you that Rupali Ganguly's brother Vijay Ganguly is a well-known award winning dance choreographer. Shake the entire vanity van by doing Garba dance - This Navratri special dance video of Rupali released on social media is getting a lot of love from the fans as usual. Rupali has posted hashtags like #NavratriFeels #Dandiya #Garba in this video. Fans of Anupama and Garba dance are going to like this video of her very much.



In this video, Rupali has done such a loud garba that even TV actor Arjun Bijlani has not been able to stop himself from commenting. Taking a jibe at Rupali's energetic dance, she wrote, 'Pori Vanity Van Hila Di'. At the same time, some fans are sharing the icon of Evil Eye for this style of Rupali so that her favorite star is not seen by anyone. Apart from this, a fan has taken his eyes by commenting Thu, Thu, Thu in the style of Anupama. Bharti became Anupama - The getup of Bharti and Harsh Limbachiyaa in Star Plus's Ravivaar With Star Parivaar surprised everyone. Bharti in the character of Anupama and in the avatar of Harsh Vanraj Shah as soon as everyone came on the stage of this show started laughing. After this, Bharti and Harsh made the whole atmosphere happy with their jumlas. When Bharti, who became Anupama, takes her eyes off the celebs present in the show, everyone starts laughing. Not only this, many comedy punches of these characters of Anupama serial entertain a lot.

# Alia Bhatt is going to debut in Hollywood with 'Heart of Stone', shared the first look



Mumbai Bollywood actress Alia Bhatt is going to debut in Hollywood films with the film 'Heart of Stone'. It is being told that in this Hollywood film, Alia will be seen doing a scintillating action-packed sequence. Heart of Stone also stars Gal Gadot and Jamie Dornan along with Alia Bhatt. Alia Bhatt has shared the first look of the film 'Heart of Stone' through social media. Sharing the video of its first look, Alia wrote, 'First look of Heart of Stone and Kea. The film will release on Netflix in 2023.

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

# प्रदेश

www.knlslive.com

27 September 2022



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## बारिश से किसानों की किसानों की फसलो में हुए नुकसान को लेकर सौंपा ज्ञापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भारतीय किसान यूनियन स्वराज संगठन ने प्रदेशभर में अत्यधिक बारिश से किसानों की किसानों की फसलो में हुए नुकसान को लेकर सौंपा ज्ञापन पटियाली तहसील में भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुलदीप पाण्डेय जी के निर्देश पर ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकर्षित करते हुए जनहित में सादर निवेदन करता है कि उत्तर प्रदेश में हाल ही में अत्यधिक बारिश से किसानों की धान बाजरा मक्का आदि की फसल जल भराव से नष्ट हो गई है जिससे किसानों पर भारी आर्थिक संकट पैदा हो गया है किसानों की पहले सूखा से फसल नष्ट हो गई और बाकी फसल अत्यधिक बारिश से ऐसी सूरत में किसान पूरी तरह बर्बादी के कगार पर खड़ा है अतः भारतीय किसान यूनियन स्वराज मांग करती है कि अत्यधिक बारिश से नष्ट हुई फसल का संकलन कराकर किसानों को अतिशीघ्र आर्थिक सहायता हेतु धनराशि प्रदान करने का कष्ट करें ज्ञापन सेवा में महामहिम राज्यपाल महोदय व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम एसडीएम पटियाली को सौंपा ज्ञापन इस मौके पर सुधीर मिश्रा, चंचल कुमार,गौरव मिश्रा,अनमोल मिश्रा, ललित कुमार मिश्रा, चंदन पांडे,नमनीत पांडे, धीरु यादव,कुलदीप बघेल,गंगादीन राठौर, आशीष मिश्रा,प्रधान प्रेमवीर सिंह,संदीप यादव,मुकेश यादव, महेन्द्र शाक्य,शिवम उपाध्याय,राजेश कुमार, लियाकत मन्सूरी, मीलाल,बन्नू यादव,रमेश यादव,ओमकार कश्यप, सत्यवीर कश्यप,अनेक सिंह,ब्रजपाल कश्यप, विश्राम,शिवशंकर, कृपाल कश्यप, पोपसिह,राजवीर सिंह, धीरेन्द्र कश्यप,वीरपाल सिंह,नहीम,लल्लू सिंह, गुरूदेव कुमार,दिनेश कुमार,राजीव कुमार, गिरीश चन्द्र,आदि लोग मौजूद रहे


## पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह का भतीजा डकैती हत्या के प्रयास छेड़छाड़ व मारपीट की घटना में गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना अलीगंज के प्रभारी निरीक्षक राजेश मीणा द्वारा थाना अलीगंज पर पंजीकृत मुअस0- 294/2021 धारा 395, 30, 354ख, 323, 506 भादवि0 में वाँछित चल रहे पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव के भतीजे विनोद पुत्र रामखिलाड़ी निवासी अमृतपुर रघुपुर थाना जसरथपुर को गत रविवार मलावन से गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा जा रहा है !

## एडीएम सुनील कुमार सिंह का हुआ स्थानान्तरण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कुछ सीनियर पीसीएस के गत रात्रि किऐ गऐ स्थानान्तरण के क्रम मे एटा के एडीएम राजस्व सुनील कुमार सिंह का भी स्थानान्तरण कर दिया गया है ! सुनील कुमार सिंह को विशेष सचिव शहरी नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ बनाया गया है !

## वृद्ध आश्रम जाकर उनको भोजन कराया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिवस पर महिला वार्ष्णेय वेलफेयर समिति के द्वारा वृद्ध आश्रम जाकर उनको भोजन कराया गया वृद्ध आश्रम में उपस्थित वृद्ध जनों ने बड़े स्वाद से लजीज व्यंजनों का भोज किया और समिति की महिलाओं को आशीर्वाद दिया , आज अयोजन के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वित्त सुनील कुमार सिंह और उनकी धर्मपत्नी थी उन्होंने सभी को वस्त्र व खाद्य समिग्री वितरित की महिला वार्ष्णेय वेलफेयर समिति की अध्यक्षा विनीता वार्ष्णेय और महामंत्री सीमा देव वार्ष्णेय ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया उपस्थित एटा नगर पालिका अध्यक्ष मीरा गांधी,महिला मण्डल में कानूनी सलाहकार सीमा वार्ष्णेय, रेखा वार्ष्णेय, राधा वार्ष्णेय, ब्रह्मा देवी, सुनीता वार्ष्णेय,रीना राजेश्वरी,साधना ,गीतू ,आदि वार्ष्णेय वेलफेयर समिति की सदस्य मौजूद रहीं।

## अस्तित्व खोता हुआ तालाब बना गंदगी का अंबार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-गंजडुंडवारा( कासगंज )कस्बा के कादरगंज रोड पर प्राचीन तालाब इस समय गंदगी के अंबार से जूझ रहा है आपको बता दें कि गंजडुंडवारा नगर पालिका का यह तालाब इस समय शहर के कादरगंज रोड पर स्थित है जिसमें पूरे कस्बा की गंदगी सहित तमाम गंदे नालों का कचरा वहां जमा किया जाता है

टेंपो स्टैंड एवं यात्री प्रतीक्षालय भी तालाब से लगा हुआ है उस तालाब के किनारे एक सरकारी नल लगा हुआ है जिसमें पानी पीना तो दूर की बात है खड़ा होना भी मुश्किल है राहगीरों का वहां से गुजरना भी मुश्किल हो रहा है हर दिन वहां से गुजरने वाले लोग बिना मुंह बांधे निकल नहीं सकते हैं, स्थानीय लोगों की मानें तो इस तालाब का आसपास के क्षेत्रों में भी नाम हुआ करता था जिसके कुछ भाग में लोगों ने अवैध कब्जा भी कर लिया है स्थानीय लोग वहां की गंदगी को हटाते हुए साफ-सफाई देखना चाहते हैं, स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या को बताते हुए कहा कि संबंधित कर्मचारी-अधिकारी या शासन-प्रशासन जो भी जिम्मेदार हो प्रमुखता से इसका सौंदर्यीकरण कराते हुए लोगों को राहत देने का काम करें इस तालाब का गन्दगी का अम्बार होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है स्थानीय लोगों ने बताया इसकी साफ सफाई बहुत जरूरी है जिससे इस भयंकर बदबू से निजात पाई जा सके इस गंदगी से निजात की शिकायत करने वालों में अली रजा,विशेष निगम,आमिर, दीवान सिंह,अमित लाल सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

## एटा आये पूर्व मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने दिया बड़ा बयान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नीतीश कुमार, लालू और दिग्विजय सिंह पर दिया बड़ा ब्यान, नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश में पहले प्रधानी का चुनाव लड़ना चाहिए, प्रधानी के चुनाव में भी नीतीश कुमार की हो जमानत ज़ब्त, बिहार में अपना आधार खो चुके हैं नीतीश कुमार, उत्तरप्रदेश में अपना आधार खोज ने के लिये आना निराधार है कोई भी नहीं बचा सकता जमानत, बिहार से लालू यादव भी अवतार ले लें तो भी जमानत ज़ब्त से नहीं बचा सकते हैं नीतीश कुमार को, सबसे बुरी हार हारने का संदेश देंगे नीतीश कुमार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के ऊपर भी बोले दिनेश शर्मा, दिग्विजय सिंह का मानसिक संतुलन अव्यवस्थित है-दिनेश शर्मा, दिग्विजय सिंह को राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र द्रोह में अंतर ही नहीं पता, आरएसएस देश के प्रति समर्पित राष्ट्र प्रेम का संगठन है, एफ़एसआई देश को तोड़ने समाज को तोड़ने वाला संगठन है, आतंक फैलाने के कार्य योजनाओं में कई लोगों का संपर्क एफ़एसआई से मिला है।

# 'पूरे देश में एकसाथ बंद हो शराब', MLA सत्यनारायण बोले- MP हमारा बड़ा भाई, वहां शराबबंदी होगी तो यहां भी हो जाएगी

कांग्रेस विधायक और शराबबंदी का सुझाव देने बनी राजनीतिक कमेटी के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि प्रभावी शराबबंदी करनी है तो उसका एक ही तरीका है कि पूरे देश में इसे बंद कर दिया जाए। अगर एक राज्य में बंद हुआ तो पड़ोसी राज्यों से तस्करी होगी। केवल कागज में नशाबंदी कर दें यह ठीक नहीं है। व्यवहार में लाना होगा कि शराब सामाजिक बुराई है। यह बर्बादी का घर है। उन्होंने कहा कि जहां शराब है वह घर कंगाल है। मध्य प्रदेश हमारा बड़ा भाई है। जिस दिन वहां शराबबंदी होगी, प्रदेश में भी बंद हो जाएगी। हमारे यहां स्मगलिंग नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनता के बीच शराब की बुराई बताने वाली जागरुकता यात्रा निकालें। लोग शराब से दूर होंगे तो इसे बंद करना आसान हो जाएगा। रायपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसी पड़ोसी राज्य में शराबबंदी नहीं है। यहां एकाएक शराबबंदी कर दी जाए तो पड़ोसी राज्यों से अवैध शराब का आना शुरू हो जाएगा। ऐसे में शराब में मिलावट और जहरीली शराब जैसी गंभीर समस्याएं भी खड़ी हो जाएंगी। पूरे देश में शराब की स्मगलिंग न हो। एक राज्य से दूसरे राज्य में स्मगलिंग नहीं होनी चाहिए। जहरीली शराब बनकर न आ जाए। गुजरात, बिहार और पंजाब में कितने लोग मर गए। हम शराबबंदी के पक्ष में नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक बुराई है। सब कुछ जानते हुए भी कि इसका परिणाम क्या है उसके बाद भी आदमी शराब नहीं छोड़ रहा है। बिहार में इस साल 50 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। न्यायालय में शराब तस्करी के केस बढ़े हैं।



### गुजरात में मध्य प्रदेश से शराब की तस्करी

विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि गुजरात जैसे पूर्ण शराबबंदी वाले राज्य में मध्य प्रदेश से शराब की तस्करी हो रही है। अगर सफल शराबबंदी करनी है तो पूरे देश में एक साथ बंद करना होगा। तभी तस्करी पर लगाम लगेगी। शराबबंदी के मुद्दे पर राजनीति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार शराब को हतोत्साहित कर रही है। अब तक शराब की 50 दुकानें बंद कराई जा चुकी हैं। 49 बीयर बार-रेस्टोरेंट बार बंद हुआ है। राज्य सरकार शराबबंदी को लेकर गंभीर प्रयास कर रही है। विभिन्न राज्यों की शराबनीति का अध्ययन भी जारी है। उनकी अच्छाई-बुराई को परखा जा रहा है। शराबबंदी वाले विभिन्न राज्यों को लिखा गया है। उनकी अनुमति मिलते ही राजनीतिक समिति के लोग वहां जाकर जमीनी स्थिति भी देखेंगे।

### 15 साल तक सरकार थी, क्यों बंद नहीं किए

सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि इस बुराई को आसानी से दूर नहीं किया जा सकता। मनोवैज्ञानिक ढंग से, दुकानें कम करके, लोगों को नशामुक्ति केंद्र भेजकर और उपचार की औषधि की व्यवस्था करके इसे कम कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल तक भाजपा की सरकार थी। क्यों बंद नहीं कर पाए। उनको किसने रोका था। मध्य प्रदेश, गुजरात सहित दूसरे राज्यों में उनकी सरकार है। मध्य प्रदेश से गुजरात में शराब की स्मगलिंग होती है। केवल कागज में नशाबंदी कर दें यह ठीक नहीं है। व्यवहार में लाना होगा कि शराब सामाजिक बुराई है। बर्बादी का घर है।

### शराबबंदी को पब्लिक मूवमेंट बनाने की जरूरत

पिछली बार उन्होंने कहा था कि शराबबंदी जनता का मुद्दा नहीं है। इसको लोग खासकर भाजपा समझ नहीं पाई।

जनता की भागीदारी के बिना शराबबंदी नहीं हो पाएगी। पूरे देश में शराबबंदी को पब्लिक मूवमेंट बनाने की जरूरत है। जहां-जहां भाजपा की सरकार है। वह प्रयोग करके तो देखें। अगर जनता शराबबंदी चाहती है तो कोई सरकार उसे लागू करने से रोक नहीं पाएगी। सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश हमारा बड़ा भाई है। जिस दिन वहां शराबबंदी होगी यहां भी बंद हो जाएगा। हमारे यहां स्मगलिंग नहीं होगी। शराबबंदी के बाद तस्करी होगी और मौतें होंगी इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा? शर्मा ने कहा कि जनता के बीच शराब की बुराई बताने वाली जागरुकता यात्रा निकालें। लोग शराब से दूर होंगे तो इसे बंद करना आसान हो जाएगा।

# दुष्कर्म होने के बाद लड़की ने शर्म से लगा ली फांसी, महीनों बाद भी परिजन को नहीं मिला न्याय

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत सभा में नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने की मामला सामने आ रही है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सुनीता कुमारी पाल पिता मोतीलाल पाल उम्र लगभग 15 वर्ष को गांव का ही निवासी जगनारायण सिंह गोड ने 2 माह पहले ही मकई के खेत में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म करते समय ही सुनीता कुमारी की दोनों बहने मकई के खेत खेत में आमने सामने देख लिया। तब जगनारायण सिंह गौड़ ने वहां से भाग निकला। और लड़की ने शर्म और डर से अपने आप को मौत को गले लगा ली। तब परिजनों ने पूरे मामलों की शिकायत थाना चांदनी में किया परंतु थाना चांदनी के द्वारा उन्हें रिपोर्ट की पावती नहीं दी। और उनके परिजनों से ?1000 का रिश्वत भी मांग किया था जिसे देने के लिए परिजन के पास नहीं थे इसी प्रकार 2 महीने से आज दिन तक परिजनों को न्याय के लिए थाना चांदनी बिहार पुर का चक्कर लगाना पड़ रहा है जिससे परिजन हताश हुए हैं इधर जगनारायण सिंह ने परिजनों को एवं परिजन के सगे संबंधियों को कारवाही करने पर जान से मारने की धमकी भी दे देते हुए खुलेआम घूम रहा है

# अजिरमा खास आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन वितरण किया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-दी गई पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी अजिरमा खास आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन खिचड़ी,आलु, लौकी, सोया बरी मिक्स सब्जी, वितरण किया गया। जो की संपूर्ण पोषण के लिए जरूरी है। जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है। इस दौरान सभी प्रकार के दाल एव सब्जियों के संबंध में जानकारी दी गई हमारे नाखून, बाल, नसों को प्रोटिन मिलता है। पिले, नारंगी सब्जीयों फल से विटामिन ए मिलता जिससे हमारे आंखों के रोशनी बढ़ती है।इसी प्रकार हरी साग सब्जी, भाजी से हमारे शरीर में आयरन की कमी को पुरा करता है।खाने वाले तेल से शरीर को वसा, ऊर्जा मिलता है। दूध, घी, मखन, खाने से शरीर को कैल्शियम मिलता इस प्रकार से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# 'गंगाजल का डर मन में बैठ गया तो माफी मांगे', डॉ. रमन बोले- घोषणापत्र को CM भूपेश और मंत्री TS सिंहदेव पढ़ लें

छत्तीसगढ़ में वादा पूरा नहीं करने को लेकर भाजपा-कांग्रेस के नेताओं में जुबानी जंग चल रही है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भूपेश बघेल सरकार हमला बोला। डॉ. रमन ने कहा कि %मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी, यदि गंगाजल का डर आपके मन में बैठ गया है तो जनता के बीच आकर साफ करें कि सत्ता में आते ही आपने कितने वादों को घोषणापत्र से निकाल दिया है? जहां तक नोटिस से भयभीत करने की बात है तो आप समझ लें कि छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता नैतिकता की लड़ाई में किसी से नहीं डरते।% पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि घोषणा पत्र मुख्यमंत्री और जनघोषणा पत्र बनाने वाले टीएस सिंहदेव पढ़ लें। जनता के बीच



सार्वजनिक रूप से सभा में घोषणापत्र जारी कर वादा किया था। अब एक-एक कर गंगाजल और गीता को नकार रहे हैं। गंगा जल का इतना भय हो गया है। अब उनको लगता है कि गंगा जल लेकर कसम खाई थी। अब उसका क्रियान्वयन नहीं होगा तो दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं पर केस चलाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाखों-लाख महिलाएं हैं जो सड़कों पर चिल्ला-चिल्लाकर कह रहीं हैं। आपने पूर्ण शराबबंदी की बात कही थी। यह अजीब बात है कि मुख्यमंत्री आज उसी बात से मुकर रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता लिखकर दिया है। 5 लाख नवयुवकों को ढाई हजार रुपये देने का आज उससे मुकर रहे हैं।

### चौक पर खड़ा होकर माफी मांगे बघेल और सिंहदेव

डॉ. रमन ने कहा कि किसानों को 2 साल का बोनस मुख्यमंत्री की घोषणा में नहीं था। जनघोषणा पत्र फिर से पढ़ लें। अधिकारी-कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, 5 लाख की संख्या में कर्मचारी आंदोलनरत हैं, संविदा कर्मचारियों को वादा किया था सरकार बनते ही पहली कलम से नियमित और स्थायी कर दिया जाएगा। यह भी झूठा वादा था। मुझे ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव चौक पर खड़े होकर सार्वजनिक रूप से बोले हमने यह वादा नहीं किया था। इस वादा को जनघोषणा पत्र से निकाल दिया गया है। हम छत्तीसगढ़ की जनता से क्षमा चाहते हैं। इधर कांग्रेस ने भाजपा की गंगाजल कलश यात्रा को दुष्प्रचार करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को कानूनी नोटिस भेजने की बात कही है।

# सर्वश्रेष्ठ पत्रकार बनने के चमत्कारी उपाय – सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री डॉ सुमित्राजी से

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वो पत्रकार ही है जो अपने जान का जोखिम उठा कर सच्चाई को हमारे सामने लाते है। वो पत्रकार ही है जो दुर्गम रास्तो से जा कर युद्ध की , दंगो की, महामारी की, वारदातों की , विस्फोटो की खबर हम तक लाते है। जूनून और जस्बा एक पत्रकार को पत्रकारिता की ओर खींच कर ले आता है। एक और चीज़ है जो इन्हे अपनी ओर पकड़ कर ले आता है वह है इनकी जन्मपत्रिका। पत्रकारिता का स्वरुप निरन्तर बढ़ता जा रहा है और यही कारण है की उसके महत्व में अत्यधिक वृद्धि हुई है। छोटी से छोटी जगहों पर भी पत्रकार, संवादाता, ब्यूरो चीफ, एडिटर प्रिन्ट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की प्रगति, विस्तार, प्रसार हेतु उत्तम और प्रबल संचार माध्यम द्मद्धड्डस्त्रड्ड करने की कोसिस करते हैं,। जहा एक तरफ निष्ठा, मेहनत और प्रयास है वही दूसरी तरफ इसका संचालन करने वाले उपयुक्त प्रभावशाली, सार्वभौमिक, सार्वलौकिक संचालन करने वाले प्रबुद्ध पत्रकारों की भी आवश्यकता है। आज का पत्रकार केवल प्रकाशन तक ही सिमित नहीं रह गया है बल्कि विद्युत संचालित उपकरणों के द्वारा विश्वव्यापी सभी देशों को, सभी वर्गों के व्यक्तियों को एक-दूसरे से जोड़ दिया है। आज चीन में जिनपिंग का हाउस अरेस्ट हो या अंकिता का हत्या कांड सूचना संचार माध्यमों द्वारा अविलम्ब समस्त विश्व में प्रसारित विस्तारित हो जाती है।एक सफल पत्रकार की जन्मपत्रिका के लक्षण जन्मपत्रिका में 12 भाव है और हर एक का अपना कार्य छेत्र है और ग्रहो की उपस्थिति और दृस्टि से चमत्कार होते है। ऐसा ही एक भाव है तृतीय भाव। पत्रकारिता में सफलता प्राप्त करने के लिए तृतीय भाव का शुभ ग्रहों के प्रभाव में होना अपेक्षित है।क्यों है तृतीय भाव इतना महत्वपूर्ण जैसा की मैंने सुरुवात में बताया जूनून ,जस्बा और मेहनत एक पत्रकार की विसेसता है ये तीनो गुण सशक्त तीसरे भाव से आते है। तृतीय भाव किन चीजों का करक है साहस, निर्भीकता, पराक्रम,



धैर्य और विशेष कौशल का करक है तृतीय भाव । यहाँ तक की संचार, विचारों की अभिव्यक्ति ,सूचना, अनुवाद और लिखने की योग्यता, व्याख्या करने का कौशल अथवा वस्तुस्थिति को व्यक्त करने की क्षमता

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

भी इसी भाव से आता है। आज के नवीनीकरण और बिजली से चलने वाले उपकरण, इंटरनेट, वाईफाई संचार के लिए महत्वपूर्ण है और इनके लिए द्वितीय भाव महत्वपूर्ण है। एक सफल पत्रकार की जन्मपत्रिका में कौनसे संकेत मिलते है बुध का शुभ ग्रहों के प्रभाव में होना, प्रबल होना तथा पापाक्रांत न होना भी अनिवार्य है। बुध प्रकाशन, लेखन, पत्रकारिता, संचार, भावों की अभिव्यक्ति, सूचना तथा प्रसारण आदि का कारक ग्रह है इसलिए पत्रकारिता के लिए बुध का महत्व सर्वाधिक है। बुध जितना प्रबल और शुभ ग्रहों के प्रभाव में होगा, जातक उतना ही योग्य, सफल और समर्थ पत्रकार होगा।बृहस्पति और बुध ऐसे ग्रहों के तृतीय भाव में स्थित होने पर जातक लेखन कार्य में दक्ष होता है। मंगल और बुध पत्रकारिता में सफलता प्रदान करने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण ग्रह है। हम जानते है की सहयोग के बिना कुछ भी संभव नहीं है। ग्रहो की ऐसी कोई स्थिति है क्या जिसमे व्यक्ति निश्चित रूप से पत्रकार ही बनते है यदि दशमेश बुध अथवा मंगल के नवांश तथा नक्षत्र में स्थित हो और बली हो, तो जातक पत्रकार ही बनते है। एक सफल पत्रकार बनने के लिए इन तीन ग्रहो को साधे मंगल, बुध और बृहस्पति को साधने से पत्रकार के जीवन में जो उछाल आएगा उसकी महज कल्पना ही की जा सकती है। कैसे साधे ग्रहो को और अपना पंचम ऊंचा करे हर ग्रह की जाप संख्या अलग है। जाप संख्या के अनुरूप ही जाप करने से उचित फल की प्राप्ति होगी । मंगल मन्त्र ? अं अंगारकाय नमः ।जाप संख्या 10000 करनी है मंगलवार के दिन करे। बुध मन्त्र ? बुं बुधाय नमः । जाप संख्या 8000 बुधवार के दिन करे। गुरु नाम मन्त्र ? बृं बृहस्पतये नमः ।जाप संख्या 19000 गुरुवार के दिन करे। एक दिन में अगर आप जाप को पूरा न कर सके तो अगले दिन भी कर के पूरा करे। देश को समृद्ध और सशक्त पत्रकार मिले और अंतराष्ट्रीय स्तर पर हमारे पत्रकारों को सम्मान प्राप्त हो ऐसी मेरी शुभकामना है।

## मौलवियों के फतवा से नहीं डरीं रूबी खान, गणेश के बाद घर पर दुर्गा की मूर्ति स्थापित की, नौ दिन रहेंगी व्रत



घर में गणेश की मूर्ति स्थापित करने के बाद चर्चाओं में आईं रूबी आसिफ खान ने अब नवरात्रि का व्रत रखा है। मौलवियों के फतवा से बिना डरे रूबी खान ने अपने घर पर मां दुर्गा की मूर्ति भी स्थापित की और नवरात्रि के पहले दिन विधि विधान से पूजा अर्चना की। वह पूरे नवरात्रि यानी 9 दिनों तक व्रत रहेंगी। इस दौरान उन्होंने देश में अमन चैन की दुआ मांगी और गणेश पूजा के दौरान उनके खिलाफ फतवा जारी करने वालों की सद्बुद्धि की मां दुर्गा से कामना की। अलीगढ़ में भाजपा की नेता रूबी आसिफ खान ने इससे पहले गणेश चतुर्थी पर अपने घर में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की थी। इसके बाद कट्टरपंथी मुस्लिम मौलवियों के फतवे और उपद्रवियों की जान से मारने की धमकी भी उन्हें मिली। धमकियों को नजरअंदाज करते हुए उन्होंने गणेश की पूजा जारी रखी और नवरात्र में पूजा करने की भी घोषणा उसी समय कर दी थी। रूबी खान का कहना है कि वह फतवा या फिर धमकियों से डरती नहीं हैं। कहा कि गणेश प्रतिमा स्थापित करने पर मौलाना लोगों ने कह दिया कि मैं हिंदू हो गई हूं। मुझे इस्लाम से बेदखल करने की धमकी दी गई। परिवार को जलाकर मार डालने की भी धमकी मिल चुकी है। मैं जब बाहर जाती हूं तो लोग मुझे हिंदू कहते हैं। लेकिन मैं इन फतवा और धमकियों से नहीं डरती हूं। रूबी खान का कहना है कि भगवान और अल्लाह एक हैं। मैं रोजा भी रहती हूं और अब नवरात्रि का व्रत भी रहूंगी।


## भागवत बोले- भारतीय और हिंदू पर्यायवाची; एक भू-सांस्कृतिक पहचान, संघ का मिशन है भारत में चौतरफा विकास

शिलांग, एएनआइ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा, हिंदू की कोई एक परिभाषा नहीं है। भारतीय और हिंदू पर्यायवाची हैं और हिंदू एक भू-सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि संघ का मिशन भारत में चौतरफा विकास कराना है। इसके लिए देशवासियों को स्वार्थ छोड़कर देश के लिए बलिदान करने का रास्ता अपनाना होगा।

### मूल्य हमारी आध्यात्मिकता में निहित

भागवत ने सोमवार को शिलांग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत पहले अपनी आजादी खोकर गुलाम बन गया था क्योंकि वह अपनी सभ्यता के उद्देश्य और मूल्यों को भूल गया था। हम चिरकाल से एक प्राचीन देश हैं। हमें एक-दूसरे से जोड़ने वाली शक्तियां विरासत में मिली हैं जो सदियों पुराने मूल्यों से आती हैं। यह मूल्य हमारी आध्यात्मिकता में निहित हैं।

### हिंदू होने की कोई विशेष परिभाषा नहीं



भागवत ने कहा- हमारे देश के इसी आंतरिक सभ्यता के मूल्यों को हमारे देश के बाहर के लोग हिंदुत्व का नाम देते हैं। हम सब हिंदू हैं लेकिन हिंदू होने की कोई विशेष परिभाषा नहीं है। बल्कि यह हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि संघ की शाखाओं में महज एक घंटे में लोग इन मूल्यों और मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों को सीख लेते हैं।

### भारत अब भी मानवता की सेवा करने में रखता है विश्वास

संघ प्रमुख ने कहा कि देश के प्राचीन इतिहास में बलिदानों की परंपरा रही है। हमारे पूर्वजों ने विभिन्न भूमियों पर कदम रखा और जापान, कोरिया, इंडोनेशिया और अन्य देशों को अपने मूल्य सिखाकर भारत लौट आए। हम आज भी उन्हीं परंपराओं का पालन कर रहे हैं। उन्होंने मैत्री वैक्सीन और श्रीलंका को आर्थिक सहायता देने का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब भी मानवता की सेवा करने में विश्वास रखता है।

# जागरूकता ही सुरक्षा है-एडीसीपी ममता रानी

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-एडीसीपी महिला और अपराध ममता रानी ने बताया कि महिलाओं की जागरूकता ही उनकी सुरक्षा है।चाहे वो कानून के प्रति,समाज के प्रति,अपनी आर्थिक उन्नति के प्रति अथवा अपने जैविक अस्तित्व और व्यक्तित्व के प्रति हो। वास्तव मे आज भी पारिवारिक एवं पारंपरिक सामाजिक मान्यताओं एवं रीति-रिवाजों से बंधी स्त्री को जन्म से दूसरों के लिए ही जीना सिखाया जाता है ।परिवार की खुशी के लिए जीना सिखाया जाता है वह अपने लिए जीना जानती ही नहीं और यही पर निर्भरता ही उसकी जीवन शैली बन जाती है।शैक्षिक रूप से एवं आर्थिक रूप से मजबूत होने के बावजूद सामाजिक एवं पारिवारिक रिश्तों व संबंधों को लेकर उसकी मानसिक गुलामी,पुरुष के संरक्षण में सुरक्षित रहने के प्रति आकर्षण की गुलामी,शादी ब्याह के संस्कारों से बंधी हुई उसकी सोच की गुलामी,उसके स्वतंत्र और समग्र जैविक व्यक्तित्व विकास में बाधा बनते हैं।लगभग 2 शताब्दी पूर्व अनगिनत महिलाओं ने जो अपने अधिकारों को पाने की लड़ाई लड़ी सामाजिक अपमान व प्रताड़ना झेला और अपने जीवन का भी बलिदान किया, उनके संघर्षों के फल स्वरुप एक स्वतंत्र सोच कि स्त्री भी मनुष्य है और उसका भी अपना एक स्वतंत्र जीवन है अस्तित्व है ,उसका भी नैसर्गिक एवं मानवीय अधिकार है, की एक स्वतंतत्र विचारधारा के कारण ही बदलते समय के साथ समाज में स्त्रियों के प्रति प्रचलित सोच में परिवर्तन आया है। और वर्तमान में भारतीय संविधान एवं भारतीय न्याय व्यवस्था की सशक्त परिधि में सम्मान और गरिमा से स्त्री को जीवन जीने के लिए एकमात्र संबल कानून का प्राप्त है।

किसी बच्चे अथवा महिला के साथ हुए लैंगिक उत्पीड़न अथवा उसके शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना से पीड़ित महिला या बच्चे का पूरा जीवन ही चोटिल हो जाता है और वह ना केवल शारीरिक मानसिक अथवा सामाजिक रूप से ही नहीं अपितु भावनात्मक रूप से भी एक स्वस्थ जीवन नहीं जी पाता है।कितना मुश्किल होता है जब किसी स्त्री को अपने जीवन सुरक्षा,अपने सम्मान और गरिमा को बचाने के लिए कानून की शरण में जाना पड़ता है तो उसे अपने परिवार अपने माता पिता अपने बच्चे अपने पति और सबसे अलग तमाम पारिवारिक और सामाजिक परिवेश के अनगिनत दबाव,उपेक्षा और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। सच्चाई तो यह भी है कि एक ही स्त्री पूरे परिवार को नाते रिश्तेदार बच्चे हर संबंध को अपना तन मन धन देकर पूरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है। पूरे परिवार को अपनी जिम्मेदारी मानती है और अपने नाजुक कंधों पर उठाये रखती है किंतु पूरा परिवार उसके जीवन की जरूरत को अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ पाता और जब अपनी स्वयं की जिम्मेदारी के लिए उठ खड़ी होती है या जीना चाहती है तो वही परिवार और समाज के लोग उसका साथ छोड़ देते हैं ।एक सच यह भी है कि स्त्री पर हो रहे अत्याचार अपराध लैंगिक शोषण आदि आचरण व्यवहार को सामाजिक तौर पर एक सहज स्वीकृति सी मिली हुई है उसे अपराध की श्रेणी में रखा ही नहीं गया था,स्वयं महिला को ही नहीं पता है की उसके साथ या उस पर अत्याचार हो रहा है।सामाजिक वातावरण पुरुष प्रधान मानसिकता की दूषित सोच से जकड़ा हुआ है जो महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और अपराध को आपराधिक दृष्टि से नहीं देखता,स्त्री पर हो रहे अपराध को अपराध मान ही नहीं पाते हैं और न्यायालय की तरह जजमेंटल होकर निर्णय देने लगते हैं।जबकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की यह सामाजिक और नैतिक जम्मेदारी है कि कानून के प्रति निष्ठावान रहकर घटित अपराध के विरुद्ध एवं पीड़ित के साथ खड़े रहना चाहिए। कुछ विकृत मानसिकता एवं व्यक्तिगत लाभ के लिए प्रभावशाली पुरुष द्वारा कमजोर महिलाओं का मोहरा बनाकर कानून का दुरुपयोग करते हैं किंतु उनका प्रतिशत अत्यल्प है जबकि महिला पर हो रहे अत्याचार और उनके साथ हो रहे लैंगिक शोषण आदि का अपराध समाज में बाहुल्य है।हमारे देश में आज भी महिला अपराध, अपराध से पहले एक गंभीर सामाजिक समस्या है जिसके निदान का एकमात्र रास्ता यही है कि उसे कानूनी जामा पहना कर सख्ती से सशक्त तौर पर लागू किया जाए ,तभी मनुष्य की सोच में गहरी जड़ें जमाए हुए वे अनगिनत सामाजिक समस्याएं जो नारी के मानवीय जीवन एवं गरिमा को कलंकित और नेस्तनाबूद करने वाली है खत्म हो सकेगा। और कानून के भय से ही सोच में परिवर्तन आएगा।

## प्रेमी के साथ गई प्रेमिका को पुलिस ने किया बरामद

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-क्षेत्र के एक गांव से युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई, तो स्वजन ने प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था युवती ने पिता के एक वर्ष पूर्व दो बेटियों की शादी धूमधाम के साथ की थी, लेकिन छोटी बेटी बेटी पहले से ही किसी दूर के रिश्तेदारी के युवक को अपना दिल दे बैठी थी एक माह पूर्व ही युवती मायके में आई हुई थी, तभी रिश्ते का युवक आ गया एक रात रुकने के बाद युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नानू मार्ग पर स्थित कोठी पुल से बरामद कर लिया है प्रेमी भाग जाने में सफल हो गया इस मामले गोविंद पुत्र सुरेंद्र शर्मा गांव राजपुर थाना एका जिला फिरोजाबाद खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है

## धनीपुर के दोनों सरकारी स्कूलों में स्थाई सफाई कर्मचारियों की नगर निगम अति शीघ्र तैनाती करें- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि नगर निगम एक कर्मचारी अधिकारी सरकार के आदेश की अनदेखी कर रहे हैं उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वच्छता अभियान पर काफी जोड़ दिया है लेकिन नगर निगम की तरफ से सफाई व्यवस्था बिल्कुल चौपट हो रही है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि धनीपुर के दोनों सरकारी स्कूल जिनमें बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं स्कूलों में अभी तक नगर निगम ने सफाई कर्मचारियों की तैनाती नहीं की है स्कूलों के लिए स्थाई सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है जो अभी तक इन दोनों स्कूलों के लिए पूरी नहीं की गई है दोनों सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापिका होने स्कूल की तरफ से कई बार लिखकर दे चुके हैं लेकिन नगर निगम की तरफ से अभी तक कोई सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई है या एक बहुत बड़ा लापरवाही का प्रमाण है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान दें अगर स्कूलों में सफाई व्यवस्था नहीं होगी पढ़ने वाले बच्चों को तरह-तरह की बीमारियां फैलने लगेगी नगर निगम के अधिकारी स्कूलों की सफाई व्यवस्था की तरफ ध्यान दें अति शीघ्र स्थाई सफाई कर्मचारी दोनों स्कूलों में तैनाती करें जिससे की सफाई व्यवस्था स्कूल की ठीक रहे बच्चों में बीमारी फैलने से रोका जा सके नगर निगम के अधिकारी यह समझ ले उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ की सरकार है सफाई व्यवस्था की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991